दिनांक25.10.2018

निगम आयुक्त श्री एस के सुंदरानी के निर्देशन में बीएसपी प्रबंधन एवं निगम प्रशासन के अधिकारियों का एस.एल.आर.एम. सेंटर हेतु स्थल चयन का संयुक्त दौरा।

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस के सुंदरानी ने बीते दिनो भिलाई इस्पात संयंत्र एव ंनिगम प्रशासन के अधिकारियों की बैठक लेकर बीएसपी क्षेत्र अंतर्गत एस.एल.आर.एम. सेंटर हेतु स्थल चयन किये जाने के निर्देश दिये गये थे। आयुक्त महोदय के दिये गये आदेशानुसार आज बीएसपी प्रबंधन एव ंनिगम के अधिकारियों के द्वारा बीएसपी क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जयंती स्टेडियम के समीप एवं सेक्टर 07 रेल्वे स्टेशन झोपडपट्टी के पास सेंटर बनाये जाने हेतु स्थल चिन्हांकित किया गया है। उक्त स्थल पर उच्चअधिकारियो से चर्चा उपरांत प्राप्त आदेशानुसार 01–02 दिवस के अंतर्गत चयनित स्थल पर एस.एल.आर.एम. सेंटर की स्थापना की जावेगी।जहा ंपर घर–घर से निकलने वाले गीले एवं सुखे कचरे का एकत्रीकरण कर निष्पादन कर खाद का निर्माण किया जावेगा।

जनसंपर्क अधिकारी
नगरपालिकनिगमभिलाई